| | राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् |
|---|---|
| PM SHRI | डॉ० राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल, ब्लॉक नं. 5, पंचम तल, कमरा नं. 601<br>जवाहर लाल नेहरू मार्ग, ओ.टी.एस. के पास, जयपुर–302017<br>E-mail: primarypre@yahoo.com |

क्रमांक : RCScE / ECCE / PM SHRI Outdoor (230) / 2026–27 / RAJKAJ ref no. दिनांक As per RAJKAJ


## पीएमश्री विद्यालय (230) में संचालित बालवाटिकाओं हेतु Outdoor Play Material के क्रय एवं उपयोग हेतु दिशा–निर्देश 2026–27

पूर्व प्राथमिक शिक्षा में लचीली, बहुआयामी, बहु–स्तरीय, खेल–आधारित, गतिविधि पूछताछ–आधारित शिक्षा शामिल है, जिसमें अक्षर, भाषाएँ, संख्याएँ, गिनती, रंग, आकार, इनडोर – आउटडोर खेल, पहेलियाँ, तार्किक चिन्तन सम्मिलित है। सोच, खोज, समस्या–समाधान, ड्राइंग, पेंटिंग, दृश्य कला, शिल्प, नाटक, कठपुतली, संगीत, सामाजिक क्षमताओं, संवेदनशीलता, अच्छे व्यवहार, शिष्टाचार, नैतिकता, व्यक्तिगत और सार्वजनिक स्वच्छता, टीम वर्क एवं सहयोग विकसित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

पूर्व प्राथमिक शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थियो में शारीरिक, संज्ञानात्मक, सामाजिक–भावनात्मक–नैतिक विकास, सांस्कृतिक/कलात्मक विकास, भाषायी एवं बौद्धिक विकास हेतु कार्य किया जाना अपेक्षित है; इसमें स्थानीय परंपराओं को भी उपयुक्त रूप से शामिल किया जाएगा जिसमे कला, कहानियाँ, कविता, खेल, गीत एवं अन्य स्थल गतिविधियाँ शामिल है।

राज्य के पीएमश्री राजकीय विद्यालयों में संचालित पूर्व प्राथमिक कक्षाओं/बालवाटिका में गतिविधि आधारित आनन्ददायी शिक्षण सुनिश्चित करने हेतु पीएमश्री परियोजना की वार्षिक कार्य योजना एवं बजट 2025–26 में Support at Pre-school Education/ Bal Vatika (ECCE) अन्तर्गत प्रति विद्यालय 50000 रूपये की राशि अनुमोदित है। उक्त गतिविधि से सम्बन्धित सामग्री का विवरण, स्पेसीफिकेशन वं अनुमानित लागत सम्बन्धी निर्देश परिशिष्ट 1 पर संलग्न है।

**उद्देश्य :–**

1. राष्ट्रीय शिक्षा नीति – 2020 एवं राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा FS-2022 की अनुशंषाओं के क्रम में बुनियादी घटकों पर कार्य करना।
2. छात्र–छात्राओं के साथ कौशल विकास पर कार्य करते हुए निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करना।
3. शिक्षण को सहज, सरल, आननददायी, रुचिकर बनाना।
4. सीखने सिखाने की प्रक्रियाओं को गतिविधि आधारित बनाना।
5. बच्चों को करके सीखने के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराना।
6. विद्यार्थियों को विद्यालयी वातावरण के साथ समन्वय स्थापित करने में सहयोग करना।


RajKaj Ref No.: 22396850
M e-Sign

Signature valid
Digitally signed by Rashmi Sharma
Designation : State Project Director
Date: 2026.05.22 17:15:56 IST
Reason: Approved

**सामग्री क्रय हेतु सामान्य दिशा–निर्देश :–**

चयनित विद्यालयों के पूर्व प्राथमिक कक्षाओं में अध्ययनरत बच्चों के समग्र विकास हेतु प्रति विद्यालय अनुमोदित राशि की सीमा में गुणवत्तापूर्ण सामग्री क्रय की जानी है।

**सामग्री के उपयोग हेतु दिशा दिशा–निर्देश :–**

1. कक्षा शिक्षण के दौरान सामग्री का उपयोग गतिविधि आधारित शिक्षण में अधिकतम किया जाना है, जिससे नामांकित बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा रुचिपूर्ण वातावरण में उपलब्ध कराई जा सके।
2. शिक्षक स्वयं के निर्देशन में पूर्ण सजगता बरतते हुए एवं समुचित पर्यवेक्षण में ही उक्त सामग्री का उपयोग बच्चों को सुरक्षित तरीके से कराएं।
3. शिक्षक – सामग्री का नियमित एवं सुरक्षित उपयोग सुनिश्चित करें।
4. सामग्री /Toys के कक्षा–कक्ष में शिक्षण एवं उपयोग से बच्चों की जागरूकता, कल्पानशीलता व्यवहार में आए परिवर्तन का आंकलन भी करवाया जाएगा। अतः उक्त सामग्री का प्रभावी तरीके से उपयोग किया जाना सुनिश्चित करें, ताकि बच्चे लाभान्वित हो सकें।

**जिला स्तरीय अधिकारियों की भूमिका :–**

1. जिला परियोजना कार्यालय द्वारा राशि प्राप्ति के 05 दिवस में अनुमोदित राशि की आहरण स्वीकृति संलग्न सूची वाले विद्यालयों की एसडीएमसी/एसएमसी को ही की जानी है।
2. संबंधित जिलों के अधीनस्थ ब्लॉक एवं विद्यालयों तक दिशा–निर्देशों की पहुँच सुनिश्चित करना।
3. जिला, ब्लॉक स्तर पर नियमित रूप से समीक्षा बैठकों का आयोजन कर मॉनिटरिंग की जाए।
4. विद्यालय अवलोकन एवं संबलन के समय आउटडोर प्ले सामग्री का उपयोग सुनिश्चित करना।

**ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की भूमिका :–**

1. क्लस्टर एवं विद्यालयों तक दिशा–निर्देशों की पहुँच सुनिश्चित करना।
2. ब्लॉक स्तर पर नियमित रूप से समीक्षा बैठकों का आयोजन करना।
3. विद्यालय अवलोकन एवं संबलन के समय सामग्री का नियमित एवं सुरक्षित उपयोग सुनिश्चिति कराने हेतु नियमित मॉनिटरिंग करना।

**क्लस्टर स्तरीय अधिकारी की भूमिका :–**

1. परिक्षेत्र के विद्यालयों तक दिशानिर्देशों की पहुँच सुनिश्चित करना।
2. कलस्टर स्तर पर नियमित रूप से समीक्षा बैठकों का आयोजन करना।

Signature valid

Digitally signed by Rashmi Sharma
Designation: State Project Director
Date: 2026.05.22 17:15:56 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 22396850

M e-Sign

3. परिक्षेत्र के समस्त विद्यालयों में सामग्री को बालवाटिका में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए उपयोग कराना।
4. मासिक समीक्षा, अभिभावक बैठक के समय सामग्री द्वारा गतिविधियों का नियोजन अभिभावकों के सम्मुख प्रस्तुत कराना।
5. विद्यालय अवलोकन एवं संबलन के समय सामग्री के नियमित एवं सुरक्षित उपयोग की मॉनिटरिंग करना।

**संस्था प्रधान के दायित्व एवं भूमिका :–**

1. जिला/ब्लॉक स्तर से वित्तीय स्वीकृति जारी होने व राशि प्राप्ति होने के 5 दिवस में एसएमसी/एसडीएमसी में प्रस्ताव लेकर नियमानुसार सामग्री क्रय किया जाना।
2. परिशिष्ट–1 में अंकित अनुमानित राशि कम अथवा अधिक हो सकती है। लेकिन गतिविधि वार चयनित सामग्री की कुल कीमत निर्धारित वित्तीय प्रावधान से अधिक नहीं होनी चाहिए।
3. परिशिष्ट–1 में अंकित गतिविधि वार निर्धारित सामग्री स्पेसीफिकेशन अनुसार ही क्रय की जानी है।
4. निर्धारित स्पेसिफिकेशन अनुसार ही गुणवत्तापूर्ण सामग्री क्रय की जाये।

**शिक्षक की भूमिका :–**

1. कक्षा–कक्षीय शिक्षण गतिविधियों में सामग्री से सृजनात्मक गतिविधियों का आयोजन करना।
2. विद्यार्थियों को सृजनात्मक कार्य के लिए प्रेरित करना एवं विद्यार्थियों के कार्य को सामग्री का उपयोग करते हुए सीखने हेतु प्रेरित कराना।
3. सामग्री का गतिविधियों के दौरान नियमित एवं सुरक्षित उपयोग कराना।
4. विद्यार्थियों द्वारा उपयोग की जाने वाली सामग्री को नियमित रूप से परिवर्तित करते हुए सभी विद्यार्थियों को समान रूप से अवसर उपलब्ध कराना।
5. कक्षा–कक्ष या शिक्षण के दौरान उपयोग करके सीखने की प्रवृति को बढ़ावा देना।

**विशेष :–**

- जिस मद के लिए राशि उपलब्ध कराई जाये, व्यय उसी मद में ही किया जाए।
- कार्यक्रम अन्तर्गत व्यय राशि को **https://prabandh.education.gov.in/pmshri/** पर शीघ्र प्रविष्टि कराया जाना सुनिश्चित करेंगे।
- राशि का उपयोग योजना के दिशानिर्देश, शिक्षा मंत्रालय की गाईड लाईन एवं लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 एवं वित्तीय नियमों की पूर्ण पालना करते हुये विहित प्रक्रियानुसार किया जाना सुनिश्चित किया जाए।
- सामग्री का क्रय राजस्थान सरकार के सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम के अनुसार कर, स्थायी, अस्थायी स्टॉक रजिस्टर में प्रविष्टि करवाकर सामग्री का सदुपयोग करवाया जाना सुनिश्चित करें।

RajKaj Ref No.:
22396850
M e-Sign

Signature valid
Digitally signed by Rashmi Sharma
Designation : State Project Director
Date: 2026.05.22 17:15:56 IST
Reason: Approved

- सामग्री क्रय के उपरान्त निर्धारित प्रारूप में उपयोगिता प्रमाण–पत्र 05 दिवस में भिजवाया जाना सुनिश्चित करें।

जिला परियोजना कार्यालय उक्त गतिविधि का सम्पादन निर्धारित समयावधि में किया जाना सुनिश्चित करावें।

**संलग्न – परिशिष्ट 1 एवं उपयोगिता प्रमाण–पत्र प्रारूप।**

**(डॉ० रश्मि शर्मा)**
**राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त**

**प्रतिलिपि : सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–**

1. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान।
2. निजी सचिव, राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त, राजस्कूलशिप–जयपुर।
3. निदेशक, प्राशि एवं माशि, राजस्थान–बीकानेर।
4. वित्तीय सलाहकार, रास्कूलशिप, जयपुर।
5. अति. राज्य परियोजना निदेशक–प्रथम एवं द्वितीय, राजस्कूलशिप, जयपुर।
6. उपायुक्त–पीएमश्री, राजस्कूलशिप, जयपुर।
7. संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, समस्त संभाग।
8. उपनिदेशक–शालादर्पण, राजस्कूलशिप, जयपुर को प्रति भेजकर लेख है कि उक्त दिशा–निर्देश शाला दर्पण पोर्टल के माध्यम से प्रसारित किया जाना सुनिश्चित करावें।
9. जिला प्रभारी (OIC), जिला बूंदी एवं कोटा को भेजकर लेख है कि प्रभारित जिले में गतिविधियों के आयोजन हेतु प्रभावी मॉनिटरिंग करते हुए गतिविधि का सम्पादन करावें।
10. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक – समग्र शिक्षा, समस्त जिले।
11. अति. जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा, समस्त जिले।
12. संस्थाप्रधान – पीएमश्री विद्यालय, समस्त जिले।
13. रक्षित पत्रावली।

RajKaj Ref No.:
22396850
M e-Sign

Signature valid
Digitally signed by Rashmi Sharma
Designation: State Project Director
Date: 2026.05.22 17:15:56 IST
Reason: Approved

## ECCE अंतर्गत 230 पीएमश्री विद्यालयों हेतु आउट–डोर प्ले सामग्री (बजट प्रावधान RS 50,000/-)

| क्र. सं. | सामग्री का नाम | मात्रा | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री का विवरण (स्पेसिफिकेशन) | नमूना चित्र | लर्निंग आउटकम्स (सीखने के प्रतिफल) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | CIRCULAR SWING | 01 | 18000 | **Material Type(s)** Iron **Colour** Multicolor **Product Dimensions** (LxWxH) - 6'0" x 5'0" x 7'0" |  | • टीम भावना का विकास<br>• शारीरिक विकास<br>• संतुलन की क्षमता का विकास<br>• संज्ञानात्मक विकास, समस्या समाधान कौशल, हाथ से आँख समन्वय, एकाग्रता कौशल, मोटर कौशल |
| 2 | SLIDE | 02 | 12000×2 =24000 | **Material Type(s)** Iron **Colour** Multicolor **Product Dimensions** LxH - 6'0" x 3'0" Platform Height (3'/5') |  | • स्वस्थ स्पर्धा का विकास<br>• संज्ञानात्मक विकास, समस्या समाधान कौशल, हाथ से आँख समन्वय, एकाग्रता कौशल, मोटर कौशल |
| 3 | TWO SEATER SEE-SAW | 01 | 8000 | **Material Type(s)** Iron **Colour** Multicolor **Product Dimensions** (LxWxH) 6'0" x 2'0" x 2'5" **Area** 8'0" x 5'0" |  | • संज्ञानात्मक विकास, समस्या समाधान कौशल, हाथ से आँख समन्वय, एकाग्रता कौशल, मोटर कौशल |
| **Total** | | | **50000** | - | | |

Signature valid
Digitally signed by Rashmi Sharma
Designation : State Project Director
Date: 2026.05.22 17:15:56 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 22396850
M e-Sign

प्रारूप–1

कार्यालय जिला परियोजना समन्वयक ..................................................

क्रमांक दिनांक

# उपयोगिता प्रमाण–पत्र (जिला स्तर)

पीएमश्री विद्यालयों में संचालित बालवाटिकाओं हेतु – ........................( गतिविधि का नाम )

| क्र. सं. | जिला | ब्लॉक | चयनित विद्यालयों की संख्या | प्राप्त आहरण सीमा (राशि) | ----- (गतिविधि का नाम) गतिविधि आयोजित करने वाले विद्यालय की संख्या | ------ (गतिविधि का नाम) गतिविधि आयोजित नहीं करने वाले विद्यालय की संख्या | व्यय राशि | शेष राशि | शेष का कारण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | | | | |

**हस्ताक्षर प्रभारी** **हस्ताक्षर एडीपीसी**

उक्त प्रपत्र गतिविधि पूर्ण होने पर जिला स्तर से समेकित कर राज्य स्तर को primarypre@yahoo.com एवं ECCE Whatsapp ग्रुप पर प्रेषित किया जाये।

RajKaj Ref No.: 22396850
M e-Sign

Signature valid
Digitally signed by Rashmi Sharma
Designation : State Project Director
Date: 2026.05.22 17:15:56 IST
Reason: Approved

प्रारूप–2

कार्यालय मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ................................................ जिला
................................

क्रमांक दिनांक

# उपयोगिता प्रमाण–पत्र (ब्लाक स्तर)

पीएमश्री विद्यालयों में संचालित बालवाटिकाओं हेतु – ......................( गतिविधि का नाम )

| क्र. सं. | ब्लाक का नाम | चयनित विद्यालयों की संख्या | प्राप्त आहरण सीमा (राशि) | ----- (गतिविधि का नाम) गतिविधि आयोजित करने वाले विद्यालय की संख्या | ----- (गतिविधि का नाम) आयोजित नहीं करने वाले विद्य ालय की संख्या | व्यय राशि | शेष राशि | शेष का कारण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | | | |

**हस्ताक्षर प्रभारी** **हस्ताक्षर एडीपीसी**

उक्त प्रपत्र गतिविधि पूर्ण होने पर जिला स्तर को प्रेषित किया जाये।

Signature valid

Digitally signed by Rashmi Sharma
Designation : State Project Director
Date: 2026.05.22 17:15:56 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.:
22396850
M e-Sign

प्रारूप–3

कार्यालय ................................................... ब्लॉक ................... जिला.....................................

क्रमांक दिनांक

# उपयोगिता प्रमाण–पत्र (विद्यालय स्तर)

पीएमश्री विद्यालयों में संचालित बालवाटिकाओं हेतु – .......................( गतिविधि का नाम )

| क्र. सं. | क्लस्टर का नाम | चयनित विद्यालयों का नाम | प्राप्त आहरण सीमा (राशि) | ----- (गतिविधि का नाम) गतिविधि आयोजित की गई। | ----- (गतिविधि का नाम) गतिविधि आयोजित नहीं की गई कारण स्पष्ट करें। | व्यय राशि | शेष राशि | शेष का कारण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | | | |

**हस्ताक्षर प्रभारी** **हस्ताक्षर संस्था प्रधान**

उक्त प्रपत्र गतिविधि पूर्ण होने पर ब्लॉक स्तर को प्रेषित किया जाये।

Signature valid

Digitally signed by Rashmi Sharma
Designation : State Project Director
Date: 2026.05.22 17:15:56 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 22396850

M e-Sign